Dainik Navjyoti Pg 13, 8/9/22

# वी फाउण्डर सर्कल ने आई-स्टार्ट से हाथ मिलाया



ब्यूरो, नवज्योति/जयपुर। स्टार्ट अप कम्युनिटी वी फाउंडर सर्कल ने राजस्थान सरकार के सूचना और प्रौद्योगिकी मंत्रालय आईस्टार्ट के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर वी फाउंडर सर्किल के सह.संस्थापक गौरव सिंघवी ओर नीरज त्यागी मौजूद रहे। साथ ही आशीष गुप्ता आयुक्त सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग और तपन कुमार संयुक्त निदेशक और ओआईसी स्टार्टअप भी उपस्थित रहे। यह कदम न केवल एंजेल निवेश को बढ़ावा देने के लिए उठाया गया है, बल्कि एक कदम आगे जाकर राजस्थान के लोगों को खासकर आने वाली पीढ़ी को और छोटे शहरों के एंटरप्रेन्योरस को एंजेल निवेश और स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र के बारे में शिक्षित करने के लिए भी उठाया गया है।